PRINT

# प्रभात खबर

| | | |
|---|---|---|
| Regional News Paper | Edition: Jharkhand | Circulation: 25000 |
| Date: 18.07.2026 | Page No. -- | Serial No.: |

# छापेमारी में 26 टन कोयला जब्त अवैध खनन के मुहाने चिह्नित

P.K. P-Front Pg.

- ड्रोन निगरानी, छापेमारी और विशेष जांच अभियान एक साथ

वरीय संवाददाता, धनबाद

कोयला चोरी, अवैध खनन और अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए सीआइएसएफ की बीसीसीएल इकाई ने शुक्रवार को धनबाद कोयलांचल के विभिन्न क्षेत्रों में एक साथ छापेमारी, विशेष वाहन जांच और ड्रोन निगरानी अभियान चलाया. इस दौरान 26.20 टन अवैध कोयला और दो बाइक जब्त की गयी. वहीं 287 कोयला ढुलाई वाहनों की जांच कर उनका सत्यापन किया गया. सीआइएसएफ की ओर से बताया गया कि भारत सरकार की 'जीरो कोल लीकेज' टॉलरेंस नीति के तहत यह अभियान बीसीसीएल प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से चलाया गया. गोविंदपुर एरिया के बमबनडीहा बस्ती के पास छह टन, कतरास के लकड़का नौ नंबर बस्ती के पास 0.30 टन तथा सिजुआ के लोयाबाद क्षेत्र से 19.90 टन अवैध कोयला बरामद किया गया. कतरास एरिया से दो बाइक भी जब्त की गयी.

**ड्रोन की मदद से संवेदनशील इलाकों की निगरानी** : सीआइएसएफ ने ड्रोन की मदद से बीके-दो, गोविंदपुर और कतरास क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों की निगरानी भी की. इस दौरान कुछ स्थानों पर निष्क्रिय अवैध खनन के मुहाने व रैट होल चिह्नित किये गये. उनकी भराई का काम शुरू कर दिया गया है. सीआइएसएफ अधिकारियों ने लोगों से अपील की गई है कि अवैध खनन, कोयला चोरी या अवैध परिवहन की सूचना सीआइएसएफ के व्हाटसएप नंबर 9341528406 पर दें.